



# गर्म तवे की तरह तपा शहर, 44 .4 डिग्री पहुंचा पारा

## भांप बनकर उड़ी चंद बूदें, हवा में नमी के इजाफे ने और बढ़ाई बेचैनी



नवभारत न्यूज

**सतना,27 अप्रैल. पिछले 2 दिनों से 43 डिग्री से ऊपर चल रहा अधिकतम तापमान सोमवार को रिकार्ड तोड़ते हुए 44.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया. बढ़े हुए तापमान के साथ-साथ हवा में नमी ने मिलकर शहर को भट्टी जैसा तपाने में कोई कसर नहीं रख छोड़ी. दिन भर भीष्रण गर्मी से त्राहि-त्राहि करने के बाद शाम ढलने पर लोगों को उस वक्त फौरी राहत मिलती नजर आई जब तेज हवाएं चलने लगीं.**

मौसम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ. इस रिकार्ड तोड़ बढ़ोत्तरी का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि एक ओर जहां पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस कास इजाफा देखने को मिला. वहीं दूसरी ओर यह सामान्य की तुलना में 3.3 डिग्री सेल्सियस ऊपर आंका गया. यही सिलसिला रात के न्यूमनतम तापमान के मामले में भी देखने को मिला. रविवार-सोमवार की दरमियानी रात शहर का न्यूनतम तापमान बढ़कर 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. इस लिहाज से न्यूनतम तापमान में जहां 24 घंटे में 0.9 डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई. वहीं दूसरी ओर यह सामान्य की तुलना में 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक पाया गया. इतना ही नहीं बल्कि सोमवार को हवा ममें नमी की मात्रा में भी इजाफा देखने को मिला और यह 30 से 18 फीसदी के बीच बनी रही. हलांकि रविवार को दर्ज हुए 43.6 डिग्री तापमान के कारण गर्मी काफी बढ़ गई थी. लेकिन शाम ढलते ही हवा का बहना बंद हो गया. लिहाजा तापमान और नमी के इजाफे के साथ हवा बंद हो जाने से बेचैनी भरी उमस लोगों को परेशान करने लगी. वहीं सोमवार की सुबह सूर्यदेव के चढ़ते ही गर्मी और उमस की यह तासीर कई गुना अधिक महसूस की जाने लगी. हलांकि बीच बीच में छुटपुट बादलों की आवाजाही देख लोगों को राहत की आस बनी रही. लेकिन इसके बावजूद भी शाम होने तक जबरदस्त गर्मी का आलम बना रहा. लिहाजा 44.4 डिग्री सेल्सियस और बढ़ी हुई नमी के साथ समूचा शहर कियी गर्म तवे की तरह तपता रहा.

### तेज हवाओं ने दी राहत

सोमवार को दिन भर भट्टी की तरह तपाने के बाद शाम को मौसम कुछ मेहरबान हुआ . बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ हीं तेज गति से हवाएं बहने लगीं . हलांकि इस दौरान छुटपुट बूंदें भी पड़ीं . लेकिन तपती धरती पर वह बूंदे पलक झकपते ही भाप बनकर उड़ गईं . हलांकि उस दौरान कुछ समय के लिए जबरदस्त उमस शुरु हो गई . लेकिन फिर तेज गति की हवाओं के बहने के कारण लोग फौरी तौर पर राहत महसूस करने लगे . मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को सतना में बहने वाली हवाओं की गति 30 किमी प्रति घंटे की रही .

# सड़क दुर्घटना में चाचा की मौत, 2 भतीजे गंभीर

▶ राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर कंचनपुर मोड़ के निकट तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर

नवभारत न्यूज

**सतना 27 अप्रैल, मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। एनएच-30 पर ग्राम कंचनपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया।**

हादसे में चाचा धर्मजीत पटेल (36) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दो भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सौरभ पटेल के पेट में दर्द था। इसी कारण वह अपने चाचा धर्मजीत पटेल और छोटे भाई धीरू पटेल के साथ बाइक से गांव झाली से अमरपाटन अस्पताल जा रहे थे। रास्ते में कंचनपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार हाइवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। डायल 112 और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद सौरभ और धीरू की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देहात थाना पुलिस हाइवा और उसके चालक की तलाश कर रही है, जो हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।

# भेदभाव का आरोप लगा सदस्यों ने जताया विरोध

## हंगामेदार रही सामान्य सम्मिलन की बैठक, सीईओ के आश्वासन के बाद बनी बात



नवभारत न्यूज

**सतना 27 अप्रैल, सोमवार को जिला पंचायत के सामान्य सम्मेलन की बैठक हंगामेदार रही। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल कर रहे थे। इस दौरान कई सदस्यों ने विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए सदन के भीतर ही धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।**

प्रदर्शन कर रहे सदस्यों ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों के वार्डों में विकास कार्यों के लिए अधिक धनराशि खर्च की जा रही है, जबकि विपक्षी सदस्यों के वार्डों की लगातार उपेक्षा हो रही है। सदस्यों ने कहा कि इस असंतुलन के कारण कई क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं। सदस्य प्रतिनिधि रितेश त्रिपाठी ने एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिले के ग्रामीण इलाकों में लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद, जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से अब तक एक भी दमकल वाहन की व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने इसे प्रशासन की बड़ी लापरवाही बताया। इस विरोध प्रदर्शन में सदस्य जान्हवी यादव, सावित्री त्रिपाठी, विमला देवी और एकता सिंह भी शामिल थीं। सभी ने एक स्वर में पारदर्शिता और समान विकास की मांग की। सदस्यों ने चेतावनी दी कि जब तक सभी वार्डों के साथ समान व्यवहार नहीं होगा, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

### सीईओ ने की चर्चा, दिया आश्वासन



बैठक के दौरान स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण बनी रही। हालांकि, बाद में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) शैलेन्द्र सिंह ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने नाराज सदस्यों से बातचीत की, उनकी समस्याओं को सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ और बैठक की कार्यवाही सामान्य रूप से आगे बढ़ सकी। इस घटनाक्रम ने जिला पंचायत की कार्यप्रणाली और विकास कार्यों में संतुलन को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं।

# ऑपरेशन रिंगटोन के अंतर्गत खोजे 85 गुम मोबाइल

## मैहर पुलिस ने दिल्ली, गुजरात, यूपी से मोबाइल खोजकर मालिकों को लौटाए



नवभारत न्यूज


**सतना 27 अप्रैल, मैहर पुलिस ने "ऑपरेशन रिंगटोन 2.0" चलाकर लोगों के गुम हुए 85 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले। इन मोबाइल फोन की कुल कीमत करीब 14 लाख 35 हजार रुपए आंकी गई, जिन्हें पुलिस ने सोमवार को उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिया।**

पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इन मोबाइलों को खोजने के लिए पोर्टल और तकनीकी संसाधनों का सहारा लिया गया। बरामद किए गए फोन में सैमसंग, वनप्लस, वीवो और ओप्पो जैसी नामी कंपनियों के महंगे हैंडसेट शामिल हैं। पुलिस ने इन फोनों को सिर्फ मैहर ही नहीं, बल्कि दिल्ली, गुजरात, यूपी और मध्य प्रदेश के कई अन्य जिलों से ट्रेस किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जब लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस मिले, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लोगों ने मैहर पुलिस की इस कार्यप्रणाली की जमकर तारीफ की और आभार जताया।

### एसपी ने थपथपाई पीठ

इस ब ?ी कामयाबी पर पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने साइबर सेल और पूरी टीम की पीठ थपथपाई। इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने शानदार काम करने वाले पुलिसकर्मियों और स्टाफ को नकद पुरस्कार देने की भी घोषणा भी की।

# मजदूर दिवस को लेकर हुई तैयारी बैठक



नवभारत न्यूज

**सतना 27 अप्रैल, 1 मई 2026 के मजदूर दिवस मनाने की तैयारियों को लेकर भारत पेंशनर समाज के कार्यालय में जिला ट्रेड यूनियन कौंसिल सतना द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।**

टीयूसी के संरक्षक कॉमरेड हरि प्रकाश गोस्वामी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए मई दिवस के कार्यक्रम का प्रयोजन रखा।टीयूसी अध्यक्ष कॉमरेड टी पी पांडे ने जानकारी दी की आगामी 1 मई दिवस के दिन सभी यूनियने स्वतंत्र रूप से अपने अपने कार्यालयों एवं कार्य स्थल मे झंडारोहण या अन्य कार्यक्रमों का आयोजित करने के उपरांत स्थानीय पुष्करणी पार्क में सायं 5=30 से संयुक्त ट्रेड यूनियनों के तत्वावधान में एक विशाल रैली का आयोजन करेंगे जोकि शहर के मुख्य मार्गो से रैली निकाली जाएगी और जिसका समापन पुष्करणी पार्क में होगा। आज की बैठक में सीटू के प्रदेश सचिव कॉमरेड तेजप्रताप दुबे, एमपीएमएसआरयु के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सतना इकाई के अध्यक्ष कॉमरेड राकेश सिंह परिहार,सतना डिवीजन इंसयोरेन्स एम्प्लाइज एशो. के अध्यक्ष कॉमरेड राजेश द्विवेदी, मध्यप्रदेश बैंक एम्प्लाइज एशोसिएशन सतना के महासचिव कॉमरेड दिनेश श्रीवास्तव, एटक के प्रांतीय संयुक्त महासचिव कॉमरेड राम सरोज कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कार्रवाई न होने पर तीन साल से लंबित जांचें ली गईं वापस

नवभारत न्यूज

**सतना 27 अप्रैल, निर्माण कार्यों में अनियमितता को लेकर वर्ष 2023 से स्थापित जांचों में किसी प्रकार की कार्रवाई न होने को लेकर जिला पंचायत के सभापति ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने वापस ले ली वापस ली गई.**

जांचों में जनपद पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत भरहुत के अमृत सरोवर का निर्माण किए बगैर राशि का आहरण, जनपद पंचायत नागौर की ग्राम पंचायत रहिकवारा के आवास घोटाला में सरपंच उप सरपंच और सचिन के द्वारा अपने खातों में स्थानांतरित कराई गई रशियन, ग्राम पंचायत शाहपुर के शुक्ला गम गांव में बगैर निर्माण के डाक पौंड के नाम पर निकाली गई राशि और बरगी नहर निर्माण मैं चोरी की मिट्टी का उपयोग आदि शामिल हैं। सभापति का कहना है कि पिछले 3 वर्ष से लगातार निर्माण कार्यों की अनियमितताओं को लेकर जिला पंचायत के सदन में चर्चा की जा रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सहयोग नहीं कर रहे वह बार-बार जानबूझकर गलत प्रतिवेदन दे रहे थे इतना ही नहीं जिन जाटों पर रिकवरी तय हो गई थी वह रिकवरी के लिए भी जिला पंचायत का प्रशासन किसी प्रकार की कार्रवाई करने निर्णय नहीं ले रहा था।

# सरस्वती विद्यापीठ में प्रांतीय एथलेटिक्स खेलकूद समारोह का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**सतना 27 अप्रैल, सरस्वती विद्यापीठ (आवासीय) उ. मा. विद्यालय, उतैली में आयोजित प्रांतीय एथलेटिक्स खेलकूद समारोह का भव्य शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।**

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य संतोष मणि शर्मा द्वारा अतिथि परिचय एवं स्वागत किया गया। इसके पश्चात क्षेत्रीय खेल प्रमुख भास्कर वडनेरकर ने प्रस्तावना भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं उद्देश्यों से सभी खिलाड़ियों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि द्वारा औपचारिक उद्घाटन की घोषणा की गई। उद्घाटन मंत्र का वाचन विद्यालय के आचार्य अभिषेक शर्मा ने किया। वहीं शपथ ग्रहण कार्यक्रम भैया सूरज सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ ली। विशिष्ट अतिथि नीरज खरे (सह प्रादेशिक सचिव) ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भैया सत्यम सिंह ने एकल गीत प्रस्तुत कर वातावरण को मधुर बना दिया।



# सिन्धु विकास समिति की नई कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

**सतना 27 अप्रैल, विंध्य क्षेत्र की अग्रणी समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति की विशेष बैठक श्री नारायण मुक्तिधाम परिसर में संस्थाध्यक्ष विनोद गेलानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

बैठक में संरक्षक श्रीचंद मनवाणी गोपी गेलानी मनोहर डिगवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. बैठक में श्री नारायण मुक्ति धाम में होने वाले अन्य निर्माण कार्यों वं कई विषय पर विस्तार से विचार किया गया एवं सत्र 2026=29 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा संरक्षक मंडल द्वारा की गई जिसमें पुन: विनोद गेलानी अध्यक्ष , घनश्याम मंघरानी महामंत्री एवं जी,डी जसवानी कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। अन्य कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञान खटवानी उपाध्यक्ष इंद्रलाल आडवाणी श्रीचंद शीतलानी मंत्री संजय वाधवानी महेश रावलानी सहमंत्री गंगाराम सचदेव दिलीप सोनी प्रचार मंत्री रंजीत सेनानी मीडिया प्रभारी अमित कमरानी कोषाध्यक्ष जी डी जसवानी उप कोषाध्यक्ष मनोज सुखदानी, मार्गदर्शन मंडल गोपीचंद कापड़ी विजय जग्यासी कमल पुरुस्वानी सुधीर आहूजा अशोक पिंजाड़ी एवं कार्यकारी सदस्यों में बसंत खत्री अशोक चांदवानी दीपक वाधवानी केशव माखीजा राजेश कोटवानी संजय सेनानी राजकुमार साधवानी पंकज आहूजा अनिल मोटवानी मनीष टेकवानी एवं मनीष सदानी घोषित किए गए।

## एक नजर में



### पक्षियों का सकोरा अभियान चलाया गया

**सतना,** देवालय समाज सेवा समिति सतना ने आज पक्षियों का सकोरा अभियान को विट्स कॉलेज और व्हीआईएमआर के परिसर में चलाया गया। कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती प्रीति द्विवेदी के नेतृत्व में देवालय समिति ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पक्षियों हेतु सकोरे स्थापित किये। आज के इस अभियान में तेज भान सिंह , पंकज उरमलिया , रवि द्विवेदी , सीमा बागरी एवं विद्यार्थीगणों ने अपनी सगभागिता दी। महाविद्यालय द्वारा सकोरों में नियमित रूप से पानी डालने की जिम्मेदारी ली गयी। देवालय समिति ने अपील किया कि अपने-अपने घरों में यथोचित स्थान पर पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था जरूर करें।

### सांसद ने मैहर कलेक्टर से की भेंट

**सतना,** मैहर सर्किट हाउस में सांसद गणेश सिंह ने नवागत कलेक्टर विदिशा मुखर्जी से सौजन्य भेंट कर जिले के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सांसद ने मैहर के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं औद्योगिक महत्व को रेखांकित करते हुए समग्र विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में विशेष रूप से प्रस्तावित मां शारदा लोक योजना को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



### जिले में ग्राम सभाओं का आयोजन

**सतना,** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में ग्राम सभाओं एवं वार्ड सभाओं का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इन सभाओं का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान करना एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। ग्राम सभाओं के माध्यम से नागरिकों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, श्रम अधिनियमों के प्रावधान, न्यूनतम वेतन, तथा बाल श्रम एवं बंधुआ श्रम निषेध से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग ने जिले के सभी क्लस्टर एवं ग्राम पंचायतों के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में सक्रिय रूप से भाग लें और शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# सत्संग से ही संभव है जीवन का उद्धार : स्वामी ब्रम्हानंद



नवभारत न्यूज

**सतना 27 अप्रैल, शिव कॉलोनी में भागवत कथा के तृतीय दिवस भगवान कपिल की कथा का वर्णन भरहुत नगर शिव कॉलोनी में समाजसेवी यशवंत तिवारी के निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस श्री दंडी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि मनुष्य मोह की मदिरा पीकर पड़ा है और जब तक जीवन में मोह है तब तक परमात्मा की प्राप्ति नहीं हो सकती .**

परमात्मा के संकल्प से ही प्रकृति का जन्म हुआ है और इसी प्रकृति से सृष्टि का सृजन हुआ महाराज श्री ने सृष्टि के विस्तार की कथा कहते हुए कहा कि ब्रह्मा जी के दक्षिण भाग से मनु और वाम भाग से शतरूपा जी का जन्म हुआ ब्रह्मा जी की छाया से कर्दम ऋषि का प्रगट हुआ और उनका विवाह देवहुति से हुआ उनकी नौ कन्याएं नवधा भक्ति के रूप में प्रकट हुई स्वयं भगवान ने उनके गर्व से कपिल मुनि के रूप में अवतार लिया जिन्होंने अपनी मां को संख्ययोग और भक्ति योग का सुंदर ज्ञान दिया महाराज श्री ने भगवान कपिल की कथा कहते हुए बताया कि सत्संग से ही जीवन का उद्धार होता है बिना सत्संग के विवेक नहीं होता और विवेक भगवान की कृपा से होता है संतो के संग से आध्यात्मिक प्रकाश का उदय होता है और साधुओं के साथ से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है उन्होंने संतों के लक्षण बताते हुए कहा कि जिन में सहनशक्ति करुणा होती वही संत हैं। कथा में मुख्य यजमान विष्णु सिंह तिवारी एवं सुधा तिवारी रही कथा में विश्वनाथ द्विवेदी कांग्रेस नेता राम शंकर प्यासी भाजपा नेता पुष्पेंद्र प्रताप सिंह सुरेंद्र तिवारी राजेश त्रिपाठी अजर बिहारी पांडे आशीष तिवारी रमाकांत द्विवेदी राजेंद्र तिवारी शौर्य तिवारी बद्री यादव अनुज तिवारी नीलकात द्विवेदी अखिलेश शुक्ला अनूप सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह-2026 एक मई से

नवभारत न्यूज

**सतना 27 अप्रैल, संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के संरक्षण में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का आयोजन 1 मई से 31 मई 2026 तक किया जा रहा है।**

शिविर में खिलाड़ियों को प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से प्रात: 7.30 बजे तक नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला मुख्यालय सतना स्थित दादा सुखेंद्र सिंह स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, जवाहर नगर में वॉलीबॉल, कबड्डी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, योगा एवं कराते का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मैहर में फुटबॉल मैदान पर वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं कराते का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# नमामि गंगे के डॉरेक्टर ने किया निरीक्षण, बहुप्रतीक्षित योजना को मिली रफ्तार



नवभारत न्यूज

**सतना 27 अप्रैल, शहरवासियों के लिए जल्द ही एक बड़ी खुशखबरी सामने आने वाली है। सतना शहर को एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है।**

सतना सांसद गणेश सिंह के लगातार प्रयासों से अब सतना और टमस नदी क्षेत्र के विकास की दिशा में बहुप्रतीक्षित परियोजना ने गति पकड़ ली है। योजना के तहत शहर में कई नए घाटों का निर्माण किया जाएगा, वहीं माधवगढ़ किले के पास बहने वाली नदी क्षेत्र को गुजरात की साबरमती रिवरफ्रंट की तर्ज पर रिवर व्यू ईको पार्क के रूप में विकसित किए जाने की तैयारी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर सांसद गणेश सिंह लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई बार लोकसभा में सतना के विकास और इस प्रोजेक्ट की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। उनके सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि सोमवार को नमामि गंगे परियोजना के डायरेक्टर डॉ. प्रवीण कुमार अपनी टीम के साथ सतना पहुंचे और शहर के विभिन्न स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। डायरेक्टर ने शाम को नगर निगम भी पहुंचे जहां उन्होंने अमृत के घटक चल रहे कामों और नदी मिलने वाले नालों को कैसे रोकथाम हो सकती है इस संबंध में चर्चा की।